मुख्यमंत्री ने रीवा की जनसभा को किया संबोधित

# मोदी को दिया आपका एक-एक वोट सार्थक सिद्ध हुआ

भोपाल (काप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की 3 प्रतिमाएं स्थापित की गईं, जिसमें शालिग्राम के पत्थरों से बनायी गयी प्रतिमा में भगवान श्रीराम मुस्कुराते हुए सबसे अच्छे दिखे,अयोध्या में उनकी प्राण प्रतिष्ठा की गयी।



उन्होंने कहा कि हमने 17 लाख पुराने इतिहास को नहीं देखा है, केवल सुना है, लेकिन जब पाषाण की प्रतिमा इतनी सुंदर हो सकती है तो 17 लाख साल पहले प्रभु श्रीराम का दिव्य, भव्य, दर्शन कैसा हुआ होगा। हमारी सनातन संस्कृति ने कैसे हजारों-लाखों सालों से अपने हृदय के अंदर अपने देवताओं को विराजित किया होगा, हम सब सौभाग्यशाली हैं। मुख्यमंत्री आज रीवा में पार्टी प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। सभा में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 700 से ज्यादा जिले, 142 करोड़ से ज्यादा की आबादी वाले देश में 22 करोड़ लोगों को पक्का घर दिये हैं। जिनका अपना स्वयं का घर पूरे हिन्दुस्तान में नहीं है। ऐसा उदाहरण भारतीय जनता पार्टी ने प्रस्तुत किया है। ये बदलते दौरा का भारत और बदलते दौर का मध्यप्रदेश है। डॉ यादव ने कहा कि तीस साल पहले जब में रीवा आया था, तब बस में धक्के खाते हुए रीवा आना पड़ता था। मुझे पीड़ा होती थी कि इसे किसकी नजर लगी, ये वो धरती है जहां भगवान श्रीराम ने साढ़े ग्यारह साल बिताया। लेकिन दुर्भाग्य था कि आजादी के बाद कांग्रेस ने इस क्षेत्र की उपेक्षा की। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों की वर्षों पहले जिंदगी खुशहाल हो सकती थी। जो अभी हुआ है वो 70 साल पहले हो सकता था। कई पीढियां सुधर जाती, लोगों का भविष्य बदल जाता।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि रीवा, सतना देवभूमि है, यहां के लोग पवित्र मन से काम करते हैं और अपनी काबिलियत और क्षमता के कारण पहचाने जाते हैं। लेकिन यहां के लोगों को नजरंअदाज किया गया ।उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने केवल वोट लेकर सरकार बनाई और सरकार बनाकर मौजमस्ती करने का काम किया। जैसे ही भाजपा की सरकार बनी, यहां का पुरा परिदृष्य बदल गया, पहले रीवा छोटी सी तहसील से जाना जाता था, आज हर कोई लालायित रहता है कि काश मेरा संबंध रीवा से हो और मेरा घर रीवा संभाग में हो। रीवा के अलावा सीधी, सिंगरौली में सब कुछ था... लेकिन कांग्रेस में विकास करने की वो इच्छा शक्ति नहीं थी। कांग्रेस ने इस क्षेत्र को गुलाम बनाया, कहां 70 साल और कहां 10 साल... ये भाजपा के 10 साल का चुनाव हो रहा है। प्रदेश को लेकर सीएम ने कहा कि यहां नर्मदा का क्षेत्र है, यहां आपार संभावनाएं हैं। लेकिन कांग्रेस ने कोई विकास नहीं किया। प्रदेश त्राहिमाम त्राहिमाम कर रहा था। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि पूरे देश में सबसे ज्यादा कृषि विकास दर मध्यप्रदेश की है, ये हमारी पहचान है और ये हमारे काम करने का तरीका है। जब यहां के किसानों की जिंदगी बदलेगी तो यहां का पूरा परिदृश्य बदल जाएगा। ये पूरा प्रदेश कृषि आधारित है। किसानों को केवल पानी और बिजली चाहिए। जैसे सीमा पर जवान, अपनी जान लगाकर खड़ा रहता है। वैसे खेत में किसान उसकी बराबरी करता है। लोगों को अन्न देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपका एक वोट आतंकवादियों को उनके घर में सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक कर, घर में घुसकर मारने का दम देता है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि एयर स्ट्राइक में हमारे सैनिक अभिनंदन को वापस लाने का काम किया गया।

# नागर ब्राह्मण समाज का फाग उत्सव एवं होली मिलन संपन्न



**भोपाल (काप्र)।** मप्र नागर ब्राह्मण कार्यसमिति में नव नियुक्त सांस्कृतिक सचिव एवं भोपाल नागर ब्राह्मण समाज की सांस्कृतिक सचिव श्रीमती तृप्ता रावल ने सुजाता व्यास,कल्पना मेहता,दिव्या मेहता के सहयोग से स्मृति ठाकोर अध्यक्ष महिला मंडल, शिखा शर्मा, मनीषा चौबे, ज्योति नागर, सुमन झा ,कल्पना झा आदि के साथ मंगलवार को हृदय स्थली भोपाल में फूलो एवं गुलाल के साथ रंगभरे और संगीत मय माहोल में फाग उत्सव, होली/रंगपंचमी मिलन का सफल तथा शानदार आयोजन शक्तिनगर मे किया।

नागरजन में जोश जबरजस्त था। भजनों की श्रृंखला भी नागर जनों द्वारा प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर समस्त मध्य प्रदेश ब्राह्मण समाज कार्य समिति में नव नियुक्त पदाधिकारी रविंद्र पंचोली , रविन्द्र शर्मा, भारी तादाद में वरिष्ट जन महेश्वर मंडलोई , डा एम एल नागर, कृष्णा के नागर,ओम प्रकाश दशोरा, नागर सहित समित अध्यक्ष मनोज झा, उपाध्यक्ष नीरज चौबे, आदि उपस्थित थे दीपक झा, आर के पाठक, व नीरज याग्निक, दीपक मेहता, अभिलाष नागर, निमिष मेहता उमेश मेहता, सुदेश नागर, अर्पित नागर, मुकेश अदयक्ष श्री मनोज झा ने बताया ,भोपाल नागर समाज समय समय पर विभिन्न सामाजिक कार्य संपन्न करता है। जिसमे सभी नागरजन हर्षोल्लास के साथ परिवार सहित उपस्थित होते है। देर रात तक आयोजित कार्यक्रम का संचालन पंकज रावल पूर्व अध्यक्ष द्वारा किया गया।

# जिले की दो शहरी स्वास्थ्य संस्थाओं को मिला नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेट

**भोपाल ( काप्र ) ।** पॉलीक्लिनिक गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया एवं संजीवनी क्लिनिक सेवानिया गोंड को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड के तहत क्वालिटी सर्टिफिकेट दिया गया है। यह प्रमाणीकरण स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा दिया गया है।

इसके तहत पॉलीक्लिनिक गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया ने 91.5त्न एवं संजीवनी क्लिनिक सेवानिया गोंड ने 92.5त्न अंकों के साथ क्वालीफाई किया है। भारत सरकार के दल द्वारा पिछले साल पॉलीक्लिनिक गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया का मूल्यांकन 20 और 21 दिसम्बर और संजीवनी क्लिनिक सेवानिया गोंड का मूल्यांकन 22 और 23 दिसम्बर को किया गया था। जिसमें इन संस्थाओं के सभी विभागों एवं सेवाओं को एक्सटर्नल दल द्वारा बारीकी से परखा गया था।

नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड के मूल्यांकन के दौरान संस्था के सभी रिकॉर्ड्स एवं रजिस्टर देखे जाते हैं एवं मरीजों को दी जा रही सेवाओं के प्रोटोकॉल के बारे में जानकारी ली जाती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि पॉलीक्लिनिक गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया एवं संजीवनी क्लिनिक सेवानिया गोंड के 12 विभागों का मूल्यांकन चेक लिस्ट अनुसार किया गया। जिसमें महिला स्वास्थ्य, नवजात व शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, जनरल क्लिनिक, ड्रेसिंग एवं इमरजेंसी, परिवार कल्याण, संचारी रोग, असंचारी रोग, आउटरीच, फार्मेसी, लैबोरेटरी, जनरल एडमिनिस्ट्रेशन सहित सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी ली गई। इस दौरान नर्सिंग ऑफिसर, एएनएम, आशा कार्यकर्ता से फील्ड के अनुभवों के बारे में पूछा गया। दल द्वारा स्टाफ की क्षमता आकलन के लिए उनका साक्षात्कार लिया गया । मूल्यांकन दल द्वारा आंगनवाड़ी में हितग्राहियों से बात करके संस्था में दी जा रही सेवाओं का फीडबैक लिया गया एवं सामुदायिक स्तर पर प्रदान की जा रही सेवाओं की जानकारी ली गई।

## पुलिस से बचने लग्जरी कार बोलेरा से कर रहा था शराब तस्करी, फिर भी दबोचा गया

**भोपाल( काप्र )।** ऐशवाग थाना पुलिस ने एक ऐसे शराब तस्कर को दबोचा है, जो आचार सहिंता के दौरान अवैध रुप से शराब लेकर जा रहा था, आरोपी पुलिस की नजरो से बचने के लिये लग्जरी कार बोलेरा से शराब लेकर जा रहा था, लेकिन फिर भी वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया। थाना पुलिस ने बताया की मुखबिर से सूचना मिली थी की सुभाष फाटक से प्रभात की ओर सफेद रंग की बुलेरो से अवैध शराब ले जाई जा रही है। खबर मिलने पर टीम ने चैकिंग पाइंट लगाकर सफेद रंग की बुलेरो कार को रोक उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार में किंगफिशर स्ट्रांग शराब की 120 बाटल रखी मिली। जिनकी कीमत 24 हजार रुपये बताई गई है।



# पोस्टल, बैलेट, ईडीसी के संबंध में दिशा - निर्देश

**भोपाल (काप्र)।**

**कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को भोपाल जिले की सभी विधानसभाओं में पोस्टल बैलेट , ईडीसी के संबंध में भी एसडीएम एवं एआरओ को नोडल अधिकारी इडीसी श्री प्रदीप जैन मास्टर ट्रेनर डॉ. संतोष भार्गव, डॉ संजय दीक्षित, डॉ. आरके शर्मा द्वारा ट्रेनिंग दी गई।**



लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए निर्वाचन कार्य में लगने वाले कर्मचारियों को डाक मतपत्र, पोस्टल बैलेट, ईडीसी जारी करने के लिये कर्मचारियों का आंकलन कर जानकारी उपलब्ध कराएं। साथ ही अपने विभाग से नोडल अधिकारी नियुक्त करें जो विभाग के कर्मचारियों का डाक मतपत्र पोस्टल, बैलेट, ईडीसी संबंधी कार्य करा सके। अपने विभाग के नोडल अधिकारी की जानकारी जिला स्तरीय नोडल अधिकारी डाक मतपत्र पोस्टल, बैलेट, ईडीसी को उपलब्ध करायें, एवं प्रारूप-12,12 क की आवश्यकता की जानकारी 2 दिवस के अंदर अनिवार्य रूप से नोडल अधिकारी डाक मतपत्र (पोस्टआल, बैलेट, ईडीसी को उपलब्ध कराये, जिससे आपके मांग पत्र अनुसार प्रारूप-12,12क जिला निर्वाचन कार्यालय से उपलब्ध कराया जा सके । भोपाल जिले की सभी सात विधानसभाओं में लगभाग 100 अधिकारी एवं कर्मचारियों की पोस्टल, बैलेट, ईडीसी के लिए ड्यूटी लगाई गई है।

## पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### तीसरे कार्यकाल में...

उसे सजा होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि दस साल में उनके कार्यकाल में जो हुआ है वह तो सिर्फ टेलर है। तीसरे टर्म में उनकी सरकार बड़े फैसले लेगी। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि अभी तो बहुत कुछ करना है। बड़े फैसले लेने बाकी हैं और बिना रूके एवं थके देश को बहुत आगे ले जाना है। उन्होंने इंडिया समूह और कांग्रेस पर भी जोरदार प्रहार किये और गठबंधन को भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा बताया। उन्होंने कहा कि आपातकाल की मानसिकता वाली कांग्रेस दस साल सत्ता से बाहर रह कर बौखला गयी है और देश को अस्थिरता की ओर ले जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शहजादे (श्री राहुल गांधी) लोगों को भड़काने में जुटे हैं कि यदि तीसरी बार मोदी सरकार आ गयी तो देश में आग लग जायेगी। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र की भाषा नहीं हो सकती है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस का तुष्टिकरण का इतिहास रहा है। कर्नाटक के जिस नेता ने देश के टुकड़े-टुकड़े करने की बात कही पार्टी ने उसे सजा देने के बजाय चुनाव में टिकट दे दिया। इससे साफ है कि कांग्रेस का देश को तोड़ने का इतिहास रहा है। उन्होंने प्रदेश की जनता को याद दिलाया कि इसी कांग्रेस ने उत्तराखंड के सपूत और तीनों सेनाओं के प्रमुख विपिन रावत का भी अपमान किया। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि कांग्रेस का तुष्टिकरण का इतिहास रहा है और इसीलिये वह नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) जैसे कानून का विरोध कर रही है। लोगों को भड़का रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने देश का बंटवारा किया है और उसके राज में देश की सीमायें सुरक्षित नहीं थीं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस के राज में ही गुरूनानक देव जी की पवित्र धरती हमसे छिन गयी। उनकी सरकार ने अब करतार कोरिडोर बनाकर लोगों को सहूलियत दी है।

### इंडी एलायंस भ्रष्टाचारियों...

भी यहीं बनी। उन्होंने कहा कि गांव, गरीब, वंचित, पीड़ित, शोषित, दलित, महिला, युवा और किसान की चिंता अगर किसी ने की है, तो वो प्रधानमंत्री मोदी जी ने की है। नड्डा ने कहा कि आज प्रधानमंत्री ने 12 करोड़ इज्जत घर बनाकर, 12 करोड़ बहनों और बच्चों को इज्जत की जिंदगी देने का काम किया है। 18 हजार गांव में बिजली नहीं थी, लेकिन मोदी जी ने तय किया कि 1000 दिन में सभी गांवों में बिजली पहुंचाई जाएगी और हमने ये लक्ष्य प्राप्त भी किया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि विकसित देश कोविड के समय मानवता और अर्थव्यवस्था की प्राथमिकता के बीच फैसला नहीं ले पाए, पर भारत में श्री मोदी ने कहा कि जान है तो जहान है और कड़े फैसले लेते हुए लॉकडाउन लगा दिया। कोरोना और यूक्रेन वार के बाद सब देशों ने आर्थिक मंदी झेली, पर भारत अकेला है जो चमक रहा है। उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस वाले सिर्फ बेरोजगारी की बात करते हैं, इसका कारण है कि कांग्रेस जरूर अब बेरोजगार हो गई है। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा कि कांग्रेस वालों में पढाई लिखाई और जानकारी की कमी रही है। बुद्धिजीवियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री नड्डा ने कहा कि देश में अब नई शिक्षा नीति लागू हुई है, जो जमीन से जुड़ी हुई है। ये सभी को समान अवसर देगी। इस नीति ने शिक्षा को फ्लेक्सिबल बनाया है।

### हॉकफोर्स से मुठभेड़ में...

बरामद किए गए। नक्सलियों से यह मुठभेड़ लांजी थाना क्षेत्र के पितकोना-केरझरी के जंगल में हुई। एनकाउंटर में मारी गई महिला नक्सली कान्हा-भोरमदेव डिवीजन के विस्तार प्लाटून-02 की डिविजनल कमेटी की सदस्य थी। वहीं दूसरा नक्सली मलाजखंड एरिया कमेटी का सदस्य था। दोनों ही नक्सली मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में कई नक्सली वारदातों को अंजाम दे चुके थे। हॉकफोर्स और सीआरपीएफ की टीम द्वारा मुठभेड़ के बाद जंगल में सघन सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। हॉकफोर्स को बालाघाट जिले के लांजी थाना क्षेत्र के पितकोना-केरझरी जंगल में नक्सलियों के जीआरबी डिवीजन के नक्सलियों की मौजूदगी की विशेष आसूचना मिली। आसूचना पर हॉकफोर्स स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने त्वरित रूप से जंगल में सर्चिंग अभियान चलाया। सर्चिंग के दौरान रात करीब 9 से 10 बजे के बीच पहले से घात लगाकर बैठे 20 से 25 नक्सलियों ने पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में हॉकफोर्स ने एक महिला सहित दो हार्डकोर वर्दीधारी नक्सलियों को ढेर कर दिया। मारे गए नक्सलियों के पास से एक एके-47 और 12 बोर की राइफल के साथ ही दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई है। कार्रवाई के दौरान किसी भी जवान के हताहत होने की सूचना नहीं है। मुठभेड़ में मारी गई महिला नक्सली सजंती उर्फ क्रांति पति सुरेंदर (38) निवासी ग्राम रेगाड़म थाना भेज्जी जिला सुकमा (छग) पर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में कुल मिलाकर 29 लाख रुपए और रघु उर्फ शेर सिंह, उर्फ सोमजी पन्द्रे निवासी दडेकसा जिला बालाघाट पर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में कुल मिलाकर 14 लाख रुपए का इनाम घोषित था। मारे गए नक्सली महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में सक्रिय थे।

### राज्य की सभी सीटों...

युद्ध के मैदान में है। मैंने देश भर के लगभग 60 प्रतिशत राज्यों का दौरा किया है, और जहां भी मैं गया, मैंने लोगों को मोदी, मोदी, मोदी कहते हुए सुना। शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने 23 साल तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया है। इन 23 वर्षों में विपक्षी, मोदी पर 23 पैसे के भ्रष्टाचार का आरोप भी नहीं लगा पाए हैं।

# लोकसभा में सबसे बड़ी जीत हुजूर से होगी : रामेश्वर

## युवा सदन पर कार्यकर्ता बैठक में कार्ययोजना पर चर्चा

**भोपाल (हिनप्र)।** लोकसभा चुनाव के लिए हुजूर विधानसभा क्षेत्र में विधायक रामेश्वर शर्मा के साथ भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर पार्टी प्रत्याशी के लिए वोट मांग रहे हैं। चुनाव प्रचार को और तेज करने व पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर मंगलवार को बैठक का आयोजन किया गया।



युवा सदन में विधायक शर्मा ने विधानसभा के बूथ, मंडल एवं जिला स्तर के प्रमुख कार्यकर्ता के साथ लोकसभा चुनाव की कार्ययोजना को लेकर संवाद किया। 6 अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस व 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा हुई। शर्मा ने कहा कि हुजूर से विधानसभा चुनाव में मतों का रिकॉर्ड तोड़ो था। लोकसभा में हुजूर विधानसभा से अधिक मतों से भाजपा प्रत्याशी जीतेंगे। शर्मा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि अप्रैल में कई विशिष्ट दिन हैं। 6 अप्रैल को हमारी पार्टी का स्थापना दिवस है। प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि अपने घरों से निकलें व प्रत्येक बूथ पर जाएं और उत्सव मनाएं। 14 अप्रैल को भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मनाएं, बस्तियों में जाकर लोगों से बात करें उनके साथ उत्सव मनाएं।

## सत्र के पहले मंगलवार को हुआ हनुमान चालीसा पाठ

**भोपाल (हिनप्र)।** संस्कार विद्यालय में हर मंगलवार को सुबह प्रार्थना सभा में संगीतमय हनुमान चालीसा के पाठ की परंपरा है। विद्यालय के एक हजार बच्चे एक सुर में चालीसा का पाठ करते हैं हर मंगलवार को विशिष्ठजन भी चालीसा पाठ करने आते हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को मुख्य अतिथि सौर ऊर्जा उत्पादन के सलाहकार जीतेन्द्र शर्मा, संस्था के सचिव बसंत चेलानी, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव, कर्नल नारायण पारवानी बच्चों का उत्साह बढ़ाया। चेलानी ने कहा कि आज नए सत्र का पहला मंगलवार है। आज हम चालीसा के पाठ के साथ हनुमानजी से प्रार्थना करेंगे कि हमारे अंदर बल और बुद्धि का विकास करें। नारायण पारवानी ने भी ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में संस्कार परिवार के सभी सदस्य शामिल हुए।

# फूलों से होली, राधिका क्लब के कलाकारों ने बनाया यादगार

**भोपाल (हिनप्र)।** सिंधी सेन्ट्रल पंचायत भोपाल का होली मिलन समारोह सिंधी कम्यूनिटी हाल प्रभू नगर, नानक टेकरी पर सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में सिंधी परिवारों ने शामिल होकर फूलों से होली खेली। आगरा के कलाकारों ने प्रस्तुतियों से अवसर को यादगार बना दिया। कार्यक्रम की शुरूआत में पंचायत के अध्यक्ष किशोर तनवानी, महासचिव हरीश नागदेव ने भाइयों का गुलाल का टीका लगाकर स्वागत कियाञ बहनों को भारती ठाकुर और लता सबनानी ने टीके लगाकर बधाई दी।



राधिका ग्रुप, आगरा के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा की लोग खुद को थिरकने से नहीं रोक सके। इससे पहले सुनील सत्संगी एवं नरेश गिदवानी नें होली गीत सुनाकर आनंदित किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवियों के अलावा विधायक भगवानदास सबनानी मौजूद रहे।

# एम्स में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

भोपाल (काप्र)। एम्स में 15 अप्रैल तक चलने वाले स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत आज वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक , प्रोफेसर (डॉ.) अजय सिंह के नेतृत्व में संस्थान के विभिन्न विभागों के प्रतिभागियों के साथ वृक्षारोपण किया गया ।

पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक कल्याण पर जोर देते हुए, प्रोफेसर अजय सिंह ने न केवल एम्स भोपाल परिसर में बल्कि इसके आसपास के क्षेत्रों में भी स्वच्छता और हरियाली बनाए रखने के महत्व को बताया । उन्होंने कहा कि हरित पर्यावरण सार्वजनिक स्वास्थ्य को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देता है।प्रोफेसर अजय सिंह ने कहा, आज का वृक्षारोपण अभियान एक स्वस्थ और टिकाऊ पर्यावरण को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।




**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पूर्व नाम PAWAN था। जो कि मेरी दसवीं की मार्कशीट में अंकित है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर PAWAN DIGARSE हो गया है। अतः भविष्य में अब मुझे मेरे सही नाम PAWAN DIGARSE S/O KASHIRAM से जाना व पहचाना जाए।

**ADDRESS : Ward No. 9, Chhabadi, Near Primary School, Chhadadi, Chhindwara (M.P.) 480107**

014

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम ANSHUL KUMAR DERIA था। जो कि मेरे पासपोर्ट में दर्ज है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर ANSHUL DERIA हो गया है। अतः अब मुझे मेरे इसी नए नाम ANSHUL DERIA से ही जाना व पहचाना जाए।

**ADDRESS:**
Deria Line, Babai, Hoshangabad (M.P.) Pin-461661

025

**नाम परिवर्तन**

मैं, अलताफ खान (Altaf Khan) आ. स्व. श्री जी.जी. खान सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरा नाम अलताफ खान (Altaf Khan) है जो कि मेरे आवश्यक दस्तावेजों में दर्ज है। मेरे पासपोर्ट में अलताफ हुसैन खान (Altaf Hussain Khan) के स्थान पर अलताफ खान (Altaf Khan) दर्ज किया जाए। अतः भविष्य में मुझे अलताफ खान (Altaf Khan) के नाम से जाना एवं पहचाना जाये। निवासी : के-25, वर्धमान ग्रीन पार्क, अशोका गार्डन, भोपाल। 015

**न्यायालय तहसीलदार, नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़)-वृत्त, जिला भोपाल (म.प्र.)**

**(पुराना जिला पंचायत भवन, जिला भोपाल)**
**क्रमांक-1150/अ-6 /2023-24**
**नजूल/प्रवा./बैरा.वृत्त /2024 भोपाल, दि 18/3/24**

**सूचना-पत्र**

एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक 1. आशीष सक्सेना पुत्र श्री कैलाश नारायण सक्सेना 2. संदीप सक्सेना पुत्र श्री कैलाश नारायण सक्सेना 3, श्रीमती रंजना सक्सेना पत्नि श्री कैलाश नारायण सक्सेना 4. श्रीमती मनीषा सक्सेना पत्नि श्री प्रकाश राय सक्सेना सभी निवासी-फ्लैट नंबर 113, ग्रीन पार्क कॉलोनी, गौतम नगर भोपाल द्वारा ग्राम 138/3/1/2, 138/3/2/1/2, 138/3/1/1, 138/3/3/1/2 अंशभाग रकबा 945 वर्गफिट भूमि का फौती नामांतरण के आधार पर नामांतरण कराने विषयक आवदेन पत्र प्रस्तुत किया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में प्रकरण क्र.1150/अ-6/ 2023-2024 विचाराधीन है। आवेदित भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में उर्मिला सक्सेना पत्नी श्री के. एन. सक्सेना एवं श्री आशीष सक्सेना पुत्र श्री के. एन. सक्सेना निवासी मकान नंबर 113, गौतम नगर पी.जी.बी.टी. कॉलेज रोड, भोपाल के नाम भूमिस्वामी स्वत्व पर दर्ज है। अतः उपरोक्त प्रश्नाधीन भूमि के संबंध में विधिक कार्यवाही किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति/संस्था या अन्य को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन से 10 दिवस के भीतर स्वंय अथवा मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं, तत्पश्चात प्राप्त आपत्ति ग्राहा योग्य नहीं होगी। यह सूचना-पत्र आज दिनांक 18/03/2024मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद के जारी।

**तहसीलदार नजूल, संत हिरदाराम नगर, (बैरागढ़) वृत्त, भोपाल**

024